प्रेषक, संख्या–631 / मं0स0(188) / 20

डॉ0 महेन्द्र देव,
सचिव (मण्डलीय समिति) एवं
शिक्षा निदेशक, मेरठ मण्डल मेरठ।

सेवा में,

माध्यमिक शिक्षा परिषद
शिक्षा केन्द्र–2, समुदाय केन्द्र
प्रीत विहार, नई दिल्ली।

माध्यमिक शिक्षा (NOC) अनुभाग

मेरठ दिनांक : 21–04–2017

विषय :– दिल्ली पब्लिक स्कूल, सिद्धार्थ बिहार, गाजियाबाद को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–1916 / 15–7–9(299) / 2007 दिनांक ...–2009 द्वारा गठित मण्डलीय समिति की बैठक दिनांक 03–04–2017 में लिये गये ... के अनुपालन में संस्था के पत्र दिनांक 20–04–2017 के द्वारा प्राप्त नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 का प्रमाण–पत्र दिनांक 19–04–2017 के आधार पर उक्त सन्दर्भित विद्यालय को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु निम्नांकित प्रतिबन्धों के अधीन अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने का निर्णय लिया गया :–

विद्यालय की पंजीकृत सोसायटी का समय–समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा।

संस्था के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे।

कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायेगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवानिवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे।

विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति / जनजाति के मेधावी छात्रों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद / ... शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

... उन्हीं मदों में चार्ज किया जाये जो राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य हो। फीस की इतनी होनी चाहिए जो सामान्यतः उस क्षेत्र में पूर्व से स्थित ऐसे अन्य विद्यालयों ... चार्ज किया जा रहा है। कैपिटेशन / भवन शुल्क इत्यादि ऐसे मदों पर शुल्क न ... किया जाय।

सरकार / मण्डलीय समिति / शिक्षा विभाग द्वारा समय–समय पर जो भी ... निर्देश जारी किये जायेंगे संस्था उनका पालन करेगी।

... शर्तों में राज्य सरकार / मण्डलीय समिति / शिक्षा विभाग के पूर्वानुमोदन के ... कोई परिवर्तन / संशोधन / परिवर्द्धन नहीं किया जायेगा।

... का रिकॉर्ड निर्धारित प्रपत्र पंजिकाओं में रखा जायेगा।

... समिति में शिक्षा निदेशक / माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा नामित ...

संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की मांग नही की जायेगी और यदि ... में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की सम्बद्धता सैन्ट्रल बोर्ड ऑफ सैकेण्ड्री एजूकेशन, नई दिल्ली/कौंसिल फॉर दि ... इंडियन स्कूल सर्टीफिकेट एक्जामिनेशन, नई दिल्ली से प्राप्त होती है, तो उक्त ... शिक्षा से सम्बद्धता प्राप्त होने की तिथि से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ... प्रदत्त मान्यता तथा राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेंगे।

... शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाये।

... विद्यालय भवन के भूमिगत परिसर (Underground) में कोई शिक्षण गतिविधियां संचालित न की जायें।

... की वार्षिक आय–व्यय का सी0ए0 द्वारा प्रमाणित वार्षिक लेखा–जोखा प्रत्येक ... निरन्तर रूप से इस कार्यालय को उपलब्ध कराया जायें।

... किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबन्धों का पालन नही किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जा रही है, तो राज्य सरकार/मण्डलीय समिति द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा।

भवदीय

डॉ0(महेन्द्र देव)
संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं सदस्य सचिव
मेरठ मण्डल, मेरठ।

पत्रांक– 831/मं0स0 (188)/2017 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ।
2. जिलाधिकारी, गाजियाबाद।
3. सचिव (शिक्षा–7 अनुभाग) उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
4. निदेशक (माध्यमिक) उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद।
6. ... देहली पब्लिक स्कूल, सिद्धार्थ बिहार, गाजियाबाद।

डॉ0(महेन्द्र देव)
संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं सदस्य सचिव
मेरठ मण्डल, मेरठ
21/5/17